## एक नजर

### जमीन विवाद मारपीट में पिता- पुत्र घायल

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के वंशी विगहा गांव में जमीन विवाद को लेकर एक ही समुदाय के बीच हुई मारपीट में पिता- पुत्र क्रमशः ललन यादव व मनीष कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों का इलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया है। इस घटना की सूचना थाना को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही हैं।

### सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर, रेफर

**हुसैनाबाद।** रविवार की देर शाम को जपला छतरपुर मुख्य रोड में नागबाबा के समीप सड़क दुर्घटना में बाइक पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में अभिमन्यु पाल, ग्राम सोनबरसा और बीरेंद्र पाल ग्राम बैरांव के निवासी हैं। राहगीरों के सहयोग से इलाज के लिए दोनों को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्रारंभिक इलाज के बाद दोनों को बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया है। बताया जाता है कि जपला से लौटने के क्रम में आंख पर लाइट पड़ने के कारण बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। जिससे दोनों घायल हो गये।

### समाजसेवी अरविंद पाण्डेय को मातृ शोक

**हरिहरगंज।** नगर पंचायत क्षेत्र के पिपरा गांव निवासी सह समाजसेवी अरविंद पाण्डेय की 90 वर्षीय माता सोनमती कुंवर का रविवार की देर शाम निधन हो गया। वे पिछले कई दिनों से बीमार चल रही थी । सोमवार को उनका दाह संस्कार स्थानीय घाघरा स्थित बटाने नदी घाट पर किया गया। जहां मुखाग्नि छोटे पुत्र अजीत पाण्डेय ने दी । दाह संस्कार में एनसीपी नेता सह मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा सेवानिवृत्त शिक्षक शिवनारायण पाण्डेय, विनोद कुमार पाण्डेय, भीष्म देव नारायण सिंह, राघव पाण्डेय, अर्जुन पाण्डेय, कमलेश पाण्डेय, श्याम उदित पासवान, अनिल पाण्डेय, दीपक सिंह, लव पाण्डेय, सोनू कुमार, सहेन्द पासवान, ब्रजमोहन सिंह, संजय सिंह, अखिलेश पासवान सहित काफी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

# तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक सवार को रौंदा, एक की मौत, आधा दर्जन घायल

### घटना सलगस पेट्रोल पंप के पास की

**नवीन मेल संवाददाता**

**सगालीम।** रविवार की देर रात करीब 9:30 बजे पांकी थाना क्षेत्र के पांकी - मेदिनीनगर मुख्य पथ सरैया - सलगस के बीच पेट्रोल पंप की निकट एक तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक सवार को रौंदते हुए पलट गया। इस घटना में बाइक सवार युवक मुकेश कुमार राम की मौत घटना स्थल पर ही हो गया। जबकि बाइक पर सवार महिला सरस्वती देवी और गोविंदा राम गंभीर रूप से घायल हो गए। चर्चा हैं कि बोलेरो पलटने के बाद बोलेरो में सवार कई लोग भी जख्मी हुए हैं। मृतक की पहचान पांकी थाना क्षेत्र के परसिया गांव निवासी मुकेश राम के रूप में हुआ है। जबकि घायल महिला सरस्वती देवी जरही और गोविंदा राम लेस्लीगंज के लोटवा के निवासी हैं। जानकारी के अनुसार मृतक मुकेश कुमार राम अपने बाइक से सरस्वती देवी और गोविंदा राम के साथ शादी समारोह में खाना बनाने के बाद महिला को छोड़ने उनके घर जा रहा था। इस बीच परसूराम खाप से पांकी के पकरिया बरात जा रही तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक सवार को



रौंदते हुए पलट गया। इस घटना में बाइक सवार युवक मुकेश कुमार राम की दर्दनाक मौत घटना स्थल पर ही हो गई। बताया जाता है कि बोलेरो की रफ्तार इतना तेज थी कि बाइक सवार को रौंदते हुए पलटते के साथ बोलरो उल्टा दिशा में घूम गई। वहीं बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। पांकी थाना प्रभारी उत्तम तिवारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं सभी घायलों का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। पुलिस ने बोलेरो और बाइक को जब्त कर लिया है। इधर, घटना की सूचना मिलने के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी मृतक के घर पहुंच उनके परिजनों को ढाढस बंधाया और सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया। सगालीम पंचायत के मुखिया सुनील कुमार प्रजापति ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि आये दिन पांकी-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर दुर्घटना हो रही है, जो चिंता की बात है। मुखिया ने मृतक के परिजनों को सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। बता दें कि मृतक मुकेश कुमार राम के भाई की मौत कुछ दिन पूर्व पंजाब में हो गई थी। जिला प्रशासन के प्रयास के बाद मुकेश के भाई का शव पंजाब से उनके घर आया था। कुछ दिनों के अंतराल में दो भाइयों के मौत होने से परिजन दुखी और परेशान हैं।

# रेलवे ट्रैक के समीप युवक का शव मिला, हत्या की आशंका

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** सोमवार को थाना क्षेत्र के मोहम्मदगंज कोसियारा रेलवे स्टेशन के बीच माली रेलवे क्रॉसिंग के पास रेलवे ट्रैक से 20 फीट की दूरी पर एक युवक का शव बरामद किया गया है। युवक की पहचान माली गांव निवासी नितेश कुमार उम्र 26 वर्ष पिता राजेश्वर पासवान के रूप में हुई है। सोमवार की सुबह ग्रामीणों ने पुलिस को ट्रैक के पास शव की सूचना दी। मृत युवक का घर घटना स्थल से महज 150 मीटर की दूरी पर है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मोहम्मदगंज थाना से एएसआई बिपिन ठाकुर मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद के अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है। वहीं स्वजनों ने हत्या की आशंका जताई है। हालांकि घटना किस कारण से हुई है, इस पर कोई खुल कर कुछ नहीं बोल रहा है। मृतक के पिता राजेश्वर पासवान ने बताया कि रविवार की रात्रि में 10 बजे खाना खाकर बाहर निकाला था, जिसके कुछ देर बाद उसका फोन ऑफ बताने लगा। रात्रि में 1 बजे वह आसपास काफी खोजबीन किया लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। अहले सुबह करीब 5 बजे रेलवे ट्रैक के पास शव होने की सूचना मिली। एएसआई बिपिन ठाकुर ने बताया कि मामला हादसा या हत्या से जुड़ा है, इस मामले में पुलिस जांच कर रही है। पीड़ित परिवार के लिखित आवेदन के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जायेगी।



### विक्षिप्त का शव रेलवे ट्रैक से बरामद

**मोहम्मदगंज।** मोहम्मदगंज सतबहिनी रेलवे स्टेशन के बीच भीम चूल्हा रेलवे टनल के पास डाउन ट्रैक से सोमवार को एक लगभग 45 वर्षीय व्यक्ति का शव को पुलिस ने बरामद किया है। बाद में मृतक की पहचान गढ़वा जिलान्तर्गत कांडी थाना क्षेत्र के मंडरा निवासी मुन्ना चंद पासवान के पुत्र विजय पासवान के रूप में की गई है। परिजन जानकारी मिलने पर मोहम्मदगंज थाना पहुंचे हैं। परिजनों ने बताया कि मृतक विजय पासवान मानसिक रूप से थोड़ा विक्षिप्त था। थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी में बताया कि शव की शिनाख्त हो गई है, परिजनों ने मृतक को थोड़ा मानसिक विक्षिप्त बताया है। पुलिस अग्रेतर करवाई में जुट गई है। एसआई शेख अमानुल्लाह ने बताया कि प्रथम हष्टया रेल से कटकर मौत होना प्रतीत होता है।

# सुरक्षा बीमा के तहत दो लाख का चेक दिया गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक पिपरा शाखा के द्वारा बीडीओ परितोष प्रियदर्शी ने नामित अरुण मिस्त्री को बीमा राशि के दो लाख का चेक प्रदान किया। अरुण मिस्त्री के पत्नी सुनीता देवी की आकस्मिक मृत्यु हो गयी थी। जिन्होंने पिपरा शाखा में झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा करवाया था। पिपरा प्रखंड कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक जितेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि अगर कोई व्यक्ति पीएमजेजेबीवाई के तहत जो लोग बीमा करवाते हैं। उनकी आकस्मिक मृत्यु हो जाती है, तो नामित को दो लाख रुपया दिया जाता है। मौके पर प्रमुख विक्रांत सिंह यादव उर्फ गुड्डू, बीपीएम मनीषा कुमारी, सरजुन राम आदि उपस्थित थे।

# उमवि सिंदुरिया में चार घंटे तक कलास रूम में रोता रहा छात्र, स्कूल बंद कर शिक्षक चले गये घर

### ग्रामीणों ने ताला तोड़कर छात्र को बाहर निकाला

### छात्र के रोने की आवाज सुनकर ग्रामीण हुए सजग



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के जिला शिक्षा अधीक्षक रंधीर कुमार ने सोमवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिंदुरिया का निरीक्षण किया। 27 अप्रैल को वर्ग कक्ष में एक छात्र को तालाबंद कर छुट्टी होने पर शिक्षकों द्वारा घर चले जाने पर घोर लापरवाही बताते हुए शिक्षकों को फटकार भी लगायी। डीएसइ ने कहा कि शिक्षकों की लापरवाही के कारण छात्र को इस भीषण गर्मी में तीन-चार घंटे वर्ग कक्ष में बंद रहना पड़ा। उन्होंने जांच के क्रम में पाया कि बहुत सारी पुस्तके भी बच्चों को नहीं मिला है। उन्होंने शिक्षकों को निर्देश दिया कि जिन बच्चों के पास पुस्तक नहीं है, वैसे बच्चों को यथाशीघ्र पुस्तक उपलब्ध कराया जाए। साथ ही आरसीटी कक्ष भी बंद पाया गया। उन्होंने वहां के हेडमास्टर को सारी व्यवस्था सुधार करने का सख्त हिदायत दिया है। डीएसइ ने कहा कि इस स्कूल के सभी शिक्षकों का वेतन/मानदेय बंद कर दिया गया है। साथ ही 24 घंटे के अंदर सभी शिक्षकों को स्पष्टीकरण का जवाब देने को कहा गया है। स्पष्टीकरण का जवाब संतोष जनक नहीं पाये जाने पर संबंधित शिक्षकों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को सख्त हिदायत दिया गया है कि छुट्टी के बाद सभी वर्ग कक्ष की अच्छे तरीके से तलाशी लेने के बाद ही वर्ग कक्ष और स्कूल में तालाबंद करेंगे,ताकि भविष्य में इस तरह की घटना नहीं हो सके।

> **शिक्षकों की लापरवाही के कारण छात्र को इस भीषण गर्मी में चार घंटे वर्ग कक्ष में बंद रहना पड़ा : डीएसई**

# सड़क दुर्घटना में चार घायल दो की स्थिति नाजुक



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** सोमवार को विश्रामपुर - बीमोड मुख्य पथ पर बरवाडीह गांव के समीप दो बाइक की अपने सामने की भीषण टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। जिसमे दो की स्थिति बेहद नाजुक बताई जा रही है। वहीं घायलों में जावेद आलम, परवेज आलम, राजेश कुमार राम व सचिन कुमार का नाम शामिल है। जिसमे अमरवा दामर निवासी जावेद आलम व बघमनवा निवासी राजेश कुमार राम की स्थिति बेहद गंभीर बनी हुई है। जिन्हे मौके पर मौजूद रेहला पुलिस व स्थानीय लोगो ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विश्रामपुर में लाकर भर्ती करवाया। जहां डाक्टर रोहित कुमार रजक, फिरोज अंसारी, जीएनएम ममता कुमारी, संदीप कुमार बैठा आदि स्वास्थ्यकर्मियों। ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल मेदिनीनगर रेफर कर दिया।

# प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में भारी संख्या में आने का आह्वान



**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** बीजेपी कार्यालय कुड़वा में भाजपा मंडल द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी ने भाग ली। बैठक की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने किया। बैठक में विधायक पुष्पा देवी ने सभी कार्यकताओं को निर्देशित किया कि 4 मई को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन होने वाला है, जिनका विशाल जनसभा मेदिनी नगर हवाई अड्डे पर होना तय हुआ है। इस विशाल जनसभा को सफल बनाने के लिए विधायक पुष्पा देवी ने कार्यकताओं से अपील की कि भारी से भारी संख्या में देश के प्रधानमंत्री के भाषण सुनने के लिए पहुंचे। बैठक में उपस्थित उदय कुमार शुक्ला, वशिष्ठ पांडे, निरंजन पासवान, शांति पांडे, अर्जुन तिवारी पशुपति शर्मा आनंद सिंह, गुड्डू सिंह, उमाशंकर सिंह, अजय मेहता, राधेश्याम मेहता सत्येंद्र कुमार सिंह,अभिषेक कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, धनपत राम,- रामाधार साव,रवीना साहू, रिंकी प्रसाद अरविंद प्रसाद, छोटू कुमार सिंह अशोक तिवारी, प्रिंस कुमार, विकास कुमार, बबलू कुमार सिंह, राहुल कुमार सिंह,शिव कुमार राम,श्याम देव सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बारातियों के साथ की गई मारपीट, पुलिस की मदद से विवाह हुआ सम्पन्न

**नावाबाजार।** थाना क्षेत्र के दही टोला से गढ़वा बेलचंपा स्थित नावाडीह बारात लेकर गए बारातियों के साथ रविवार की रात जमकर मारपीट हुई। जिसमें बाराती जख्मी और घायल हो गए। वही रविवार की रात वैवाहिक कार्यक्रम को रोक दिया गया। वहीं स्थानीय लोग व पुलिस प्रशासन के सहयोग सोमवार की दोपहर वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। बताया जाता है कि रविवार को बरात बेलचंपा स्थित नावाडीह गांव पहुंची। लड़का पक्ष की ओर से बारातियों के मनोरंजन को लेकर आर्केस्ट्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जहां युवकों के द्वारा आर्केस्ट्रा के आयोजन में व्यवधान डाला जा रहा था। बारातियों ने जब उन्हें रोका तो मनचले युवकों के द्वारा बारातियों के साथ जमकर मारपीट की गई। बाराती इधर-उधर भाग कर अपनी जान बचायी। साथ ही रात में वैवाहिक कार्यक्रम भी नहीं हो पाया। इधर, बाराती पक्ष के द्वारा घटनाक्रम की जानकारी नावाबाजार जिला परिषद सदस्य पति सह युवा समाजसेवी राजबली महरा सहित पंचायत के मुखिया पति संजीवन भुईयां को दी गई। सूचना मिलते ही 29 अप्रैल को बाराती के साथ गढ़वा थाना पहुंचे। जहां आवेदन देकर प्रशासन के उपस्थिति मे सोमवार दोपहर 1:00 बजे दिन मे शादी संपन्न कराया गया। राजबली मेहरा ने कहा कि घटना के लिए जिम्मेवार लोगों पर कार्रवाई हो। इसके लिए प्रशासन से मिलकर मांग की जाएगी।

# हुसैनाबाद में लोकसभा चुनावी चर्चा शुरू अपनी ढफली, अपना राग अलाप रहे हैं लोग

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** बाजारों से लेकर खेत-खलिहान तक चुनावी चर्चा तेज हो गई है। मुद्दे भी खूब उछल रहे हैं। सरकार के पक्ष में तर्क गढ़ने चुनावी वालों के पास राम चोपाल मंदिर, सड़कें, राशन, आवास व किसान सम्मान निधि की थाती है। विपक्ष के साथ खड़े लोग बेसहारा पशु, महंगाई, बेरोजगारी जैसी समस्याओं को उठा रहे हैं।

पलामू संसदीय क्षेत्र के 100 किमी की परिधि में अपनी अपनी ढफली, अपना-अपना राग चल रहा है। सुबह 10 बजे हैं। हुसैनाबाद में अंबेडकर चौक के समीप चौपाल के रूप में सार्वजनिक स्थान पर लोग जुटे हैं। उनके बीच लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा शुरू है।

चर्चा के दौरान कभी-कभी हॉट टॉक भी होते रहा। झगड़े की नौबत आने पर मंडली के लोगों के बीच बचाव के बाद मामला शांत होता है। मंडली में शामिल अजय प्रसाद गुप्ता ने चुनाव की चर्चा करने पर उन्होंने कहा कि फिलहाल देश को मोदी की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी एक बार फिर अपना जलवा दिखाएंगी। शशि कुमार ने काउंटर करते हुए कहा कि दस वर्षों में देश की दुर्गति हो गई। महंगाई बेरोजगारी से लोग परेशान हैं।

इस बार जनता ने आइएनडीआइए गठबंधन की सीटें बढ़ेंगी। रांची आइएनडीआइए गठबंधन की उलगुलान रैली से स्थिति बेहतर हुई है। चाय की पहली घूंट पी रहे अजय सोनी वहां मौजूद लोगों से बोले चाचा सीधी सी बात बताऊं, माहौल कुछ रहे, हम तो मोदी के बोट देबवा।

राशन, घर, शौचालय, शुद्ध पानी सब देलन मोदी जी। ग्यासुद्दीन सिद्दीकी ने बात को बीच में काटते हुए बोले... किसान से पूछना चाहिए। लगातार सुखाड़ की मार के साथ नील गायों के आतंक से जनता परेशान हैं। किसानों को दो हजार देकर उन्हें बेवकूफ बनाने का खेल चल रहा है। यह बात रामेश्वर राम को नागवार लगी। वह बोले यह आरोप बिलकुल गलत है।

मोदी सरकार सभी के हित के साथ साथ देश हित में भी काम कर रही है। सम्मान निधि, पेंशन, फ्री गैस सिलेंडर समेत कई महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ करोड़ों गरीब परिवारों को मिल रहा है। मौजूद अन्य कई लोगों ने भी इस बात पर सहमति जताई। वरिष्ठ समाजसेवी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खा ने कहा कि राजनीति की वजह आपसी सौहार्द्र नहीं बिगड़ने दें। जनता बहुत काबिल है।

किसे वोट देना चाहिए, वह बखूबी जानती है। अभियान चला कर वोट प्रतिशत बढ़ाने में कामयाब हो जाएं। मनोज शर्मा ने कह कि इस भीषण गर्मी इतनी पड़ रही है कि बुजुर्ग महिला व पुरुष वोट देने के लिए आना कानी करेंगे, वैसे में उन्हें ले जाने की व्यवस्था करनी चाहिए। ताकि वोट का प्रतिशत बढ़ें।

### भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चलाया जनसंपर्क

# वीडी राम को भरी मतों से जिताने की अपील

**नवीन मेल संवाददाता**



**विश्रामपुर।** युवा भाजपा नेता अजय दुबे के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने विश्रामपुर प्रखंड के लालगढ़, भंडार और गुरी पंचायत में जनसंपर्क अभियान चलाया। अभियान के दौरान भाजपा नेताओं ने पार्टी प्रत्यासी सह निवर्तमान सांसद विष्णु दयाल राम के पक्ष में लोगों से मतदान करने का अपील किया। अजय दुबे ने कहा कि सांसद विष्णु दयाल राम का दस वर्षों का कार्यकाल विकास के नाम समर्पित रहा। पिछले दस वर्षों में पलामू लोक सभा क्षेत्र में कई ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। दुबे ने लोगों को केंद्र के मोदी सरकार के कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी विस्तृत रूप से बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानात्री मोदी के नेतृत्व में देश विश्वगुरु बनने की राह पर है। मोदी सरकार ने गरीब कल्याण हेतु कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित की है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम भरी मतों से चुनाव जीतेंगे। मौके पर जिला कार्य समिति सदस्य शंभू शरण सिंह, भाजपा नेता बैजनाथ सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण मुरारी सिंह, अनिल कुमार, अनुज ओझा, गुलाब चौधरी, देवेंद्र चौधरी, शिवनाथ राम, छोटू ठाकुर, रोशन चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे।

### सिमरिया विधायक किशुन दास ने कई गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया



**सतबरवा।** पलामू लोकसभा के भाजपा सांसद प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को भारी मतों से जीत एवं भाजपा 400 पार को लेकर सिमरिया के विधायक सह भाजपा अनुसूचित जाति के प्रदेश अध्यक्ष किशुन दास बारी पंचायत के साथ कई गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर विष्णु दयाल राम के पक्ष में वोट देने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पूरे भारत देश में विकास ही विकास हो रहा है। तिसरी बार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बनाना है। इसलिए तिसरी बार सांसद बनाकर विष्णु दयाल राम को दिल्ली भेजकर पलामू का सर्वांगीण विकास कार्य को आगे बढ़ाने में मदद करें। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा, अजज के प्रदेश उपाध्यक्ष कुमार गौरव, आजा पलामू अध्यक्ष रामेश्वर राम, रविन्द्र पासवान, सतीश पासवान, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, किसान मोर्चा जिला महामंत्री विजय शर्मा, अजय सोनी, संयोजक महेश्वर सिंह, मंडल अध्यक्ष विजय पाठक, विदेशी राम, राजकुमार राम, मनीष कुमार रवि, सत्येंद्र राम, कविंद्र राम, काबिलेश कुमार, धनंजय कुमार, संजय कुमार रवि समेत कई लोग मौजूद थे।

### पांकी पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**पांकी।** थाना प्रभारी उत्तम तिवारी के द्वारा अलग अलग कांड के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एक व्यक्ति पर महिला के साथ छेड़खानी की प्राथमिकी दर्ज की गई थी। वहीं दूसरा आरोपी 20 वर्षीय अभियुक्त शाहबाज अंसारी, ग्राम भरी,थाना -पांकी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया । उक्त व्यक्ति के विरुद्ध नाबालिग को भगा ले जाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। नाबालिग की बरामदगी भी हो गई है।

### युवक ने खाया जहर, मौत

**छतरपुर।** थाना क्षेत्र के नौडीहा निवासी अशोक यादव का 20 वर्षीय बेटा सूरज कुमार मानसिक तनाव में आकर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार सूरज मानसिक तनाव में आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी, तो परिजनों ने तत्काल उसे मेदिनी नगर ले गए । जहां उसकी हालत में सुधार नहीं होता देख उसे इलाज करने रांची ले जा रहे थे कि इसी दौरान रास्ते में कुद्दू के समीप उसकी मृत्यु हो गई। इस घटना से उसके परिजन काफी मर्माहट है गांव में शोक की लहर कायम हो गई है।

# टेनपा पुल के पास शव बरामद परिजनों ने हत्या की आशंका जताई



**छतरपुर।** थाना क्षेत्र के मसीहानी निवासी संजय डोम लगभग (50) पिता स्व. रामरतन डोम का शव संदेहास्पद स्थिति में टेन्पा पुल के पास से बरामद किया गया। इस बाबत संजय के परिजनों ने बताया कि हमारा टेन्पा स्थित मकान में काम चल रहा था इसी सिलसिले में मेरे पिता पेंट लाने के लिए अपने लूना से छतरपुर गए थे। काफी देर तक घर ना वापस आने पर हम लोगों की चिंता बढ़ी। देखने निकले तो देखा कि टेनपा पुल के पास वे गिरे पड़े हैं। अचेत स्थिति में उन्हें अनुमंडल अस्पताल छतरपुर लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। इस संबंध में छतरपुर थाना प्रभारी राजेश कुमार रंजन ने बताया कि मामले की तहकीकात की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद इस संबंध में कुछ कहा जा सकता है। इन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया यह दुर्घटना कि मामला लग रहा है। वैसे परिजनों ने गर्दन के पास बने छेद व आंख के चोट से हत्या की आशंका जता रहे हैं।

## एक नजर

### युवक ने ब्लेड से अपना हाथ काट कर किया आत्महत्या का प्रयास

**गढ़वा ।** गढ़वा जिले के उचरी मोहल्ला निवासी अफरोज आलम ने ब्लेड से अपना हाथ काट कर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां उसे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया घटना के संबंध में बताया गया कि अफरोज आलम घरेलू आपसी किसी बात को लेकर नशे में अपना हाथ काट लिया इसके बाद उसके परिजनो ने उसे गढ़वा सदर अस्पताल लाया जहां परिजनों के द्वारा उसे इलाज कराने के लिए कहां जा रहा था लेकिन अफरोज आलम अपना इलाज करना नहीं चाह रहा था इसी बात से आक्रोशित होकर उसने अपने साथ आए परिजनों को मारपीट करना शुरू कर दिया इसके बाद अस्पताल से निकलकर बाहर चला गया।

### युवक ने जहर खाकर की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के चीटर टुकड़ा टोली निवासी कुरबनुस बड़ा ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गुमला पुलिस को सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पहुंचकर 100 का पंचनामा करसन को सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। जानकारी के अनुसार मृतक गत रविवार के सामने परिवार खाना खाकर अपने कमरे में सोने गया था। दूसरे दिन सोमवार को उसका दरवाजा नहीं खुलने पर परियों ने इसका दरवाजा खटखटाया। लेकिन दरवाजा नहीं खुला। तो गुमला पुलिस को सूचना दी। इसके बाद एएसआई सगीर आलम घटनास्थल पहुंचे। उन्होंने दरवाजा तोड़कर देखा तो लड़की ने आत्महत्या कर ली थी। आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है।

### पांच सोलर प्लेट की चोरी में पुलिस ने तीन को किया गिरफ्तार

**सिसई।** सिसई पुलिस ने अलग अलग मामलों में चार लोगों को गिरफ्तार कर सोमवार को गुमला जेल भेज दिया। जेल जाने वाले रहमत नगर सिसई निवासी अफताब अंसारी(25)मारपीट के मामले में आरोपी है और उसके खिलाफ रहमत नगर निवासी मो एनामुल अंसारी ने केस दर्ज कराया है।वही अलमुण्डा बाकुटोली गांव निवासी जेल जाने वाले मंगलेश्वर उरांव(25),रवि उरांव(20)व रमेश उरांव (24)चोरी के मामले में आरोपी हैं।पुलिस ने इन आरोपियों के पास से चोरी के 5 सोलर प्लेट व एक स्टार्टर बरामद किया है। थानेदार संदीप कुमार यादव ने कुछ दिन पहले अलमुण्डा चट्टी टोली निवासी मुनेश्वर उरांव ने पांच सोलर और एक स्टार्टर की चोरी को लेकर अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कराया था, गुप्त सूचना पर मंगलेश्वर उरांव के घर से सभी समान बरामद किया गया है पूछताछ में उसने अपने सहयोगियों का नाम बताया है। पूछताछ कर सभी को जेल भेज दिया गया।

# वीडी राम ने चिनियां प्रखंड के विभिन्न गांवों में चलाया जनसंपर्क अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा ।** लोकसभा चुनाव को लेकर सांसद बीडी राम चिनिया प्रखंड के विभिन्न गांव का दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया जिनके साथ पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी मौजूद रहे मौके पर चिनिया प्रखंड मुख्यालय में महावीर मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की तथा जय श्री राम के उद्घोष के साथ चिनिया के कार्यकताओं द्वारा गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया उसके बाद चिनिया थाना चौक पर स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर के मूर्ति पर माल्यार्पण किया तथा उसी जगह नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया जिसमें बिडी राम ने कहा कि यह क्षेत्र उग्रवादियों का बोलबाला वाला क्षेत्र था जहां विकास किरणे नहीं पहुंची थी जब यहां सत्येंद्र नाथ तिवारी विधायक हुए तो इन्होंने यहां विकास को आगे बढ़ाया किसी भी क्षेत्र को विकास होने में समय लगता है और जो पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ ने यहां काम किया वह सराहनीय है केंद्र सरकार के द्वारा हर संभव मदद इस राज्य को किया जाता है लेकिन जिस राज्य के मुखिया स्वयं भ्रष्टाचार में लिप्त है उसका कुछ नहीं हो सकता मंडल डैम के विस्थापित लोगों का 10 लाख का मुआवजा प्रति व्यक्ति केंद्र सरकार भेज दिया परंतु राज्य सरकार आज तक उस पैसे को विस्थापितों को नहीं दे सकी यहां प्रखंड व थाना हर जगह पिसी लगता है भाजपा के सरकार बनी तो भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा तथा भ्रष्टाचार देश के दीमक की तरह है हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विदेशी ताकते हैं नहीं चाहते कि फिर से वह प्रधानमंत्री बने जैसे अमेरिका चीन देश भाजपा के घोषणा पत्र में 70 वर्ष से उपर वृद्ध को प्रत्येक वर्ष 5 लाख का मुफ्त इलाज है वही विपक्ष पर कई तरह के आरोप लगाए तथा अंत में उन्होंने 13 तारीख को भाजपा के पक्ष में वोट देने की अपील की वही मौके पर पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि अब की का चुनाव सबसे अलग है घर-घर के दरवाजा खटखटाए तथा कहें कि मोदी जी को प्रणाम बोलना है विदेशी ताकते नहीं चाहते हैं मोदी को नहीं चाहते हैं कि अगला प्रधानमंत्री बने कारण है कि वे स्वदेशी अपना रहे हैं जिससे विदेश का बाजार यहां खत्म हो जा रहा है आज हमारे यहां 60% घूसखोरी प्रखंडों में लिए जाते हैं आप इन भ्रष्टाचारीयो को खत्म करने के लिए भाजपा को वोट करें उन्होंने कहा कि स्वदेशी तकनीक से ट्रेन जो 100 करोड़ में तैयार किए जा रहे हैं वही ट्रेन अमेरिका से 300 करोड़ लगते थे मौके पर भाजपा के कपिल प्रसाद चंद्रिका सिंह शिवलाल सिंह विनय चौबे राजकुमार मद्धेशिया भोला चंद्रवंशी रिंकू तिवारी सुल्तानी सिंह उमेश सिंह आजसु के दीपक शर्मा राजेश प्रसाद छोटू यादव सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे ।

### नवादा मोड़ के पास मोटरसाइकिल की टक्कर, तीन घायल

**गढ़वा ।** नगर उंटारी मार्ग पर नवादा मोड़ के पास मोटरसाइकिल की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। घायलों में उरसुगी गांव के कुशवाहा टोला निवासी अशोक चौधरी का पुत्र विजय चौधरी भरदुल चौधरी का पुत्र ओमकार चौधरी एवं रद्दू पाल का पुत्र संदीप पाल के नाम शामिल हैं। इसमें विजय चौधरी को गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि सभी लोग एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर से गढ़वा थाना क्षेत्र के लगमा गांव स्थित ब्रह्मस्थान में शादी समारोह में भाग लेने गए थे। वहां से वापस लौट के दौरान नवादा मोड़ के पास नशे में धुत एक मोटरसाइकिल सवार ने उसकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिया। घटना के बाद साथ के लोगों ने उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती करवाया। घटना की जानकारी उसके परिजनों को दी गई।

## न्यूज बॉक्स

### रामदेनी साह एवं यमुना कुंवर की पुण्यस्मृति में पनशाला का शुभारंभ




**श्री बंशीधर नगर ।** नगर पंचायत क्षेत्र के चेचरिया पुल के निकट स्व रामदेनी साह एवं स्व यमुना कुँवर के पुण्य स्मृति में पनशाला का शुभारंभ भाजपा नेता व पूर्व जिला बीससूत्री उपाध्यक्ष सिद्धेश्वर लाल अग्रवाल, चेंबर अध्यक्ष शंभूनाथ सौदागर, सचिव गोपाल जयसवाल, हृदयानंद कमलापुरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने आने-जाने वाले राहगीरो को बताशा एवं शुद्ध शीतल जल पिलाया। सिद्धेश्वर लाल अग्रवाल ने कहा के प्रचंड गर्मी में प्यासे राहगीरों को पीने के लिए पानी की व्यवस्था कराना पुण्य का कार्य है। अप्रैल माह में गर्मी लगातार बढ़ रही है दूर-दराज से आने वाले ग्रामीण एवं स्थानीय राहगीरों को शुद्ध एवं शीतल जल मिले इसलिए यहां पानशाला की व्यवस्था की गई है इससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ राहगीरों को भी काफी राहत मिलेगी।उन्होंने कहा कि आदमी के साथ-साथ पक्षियों के लिए भी खाने और पानी की व्यवस्था लोगों को अपने घरों के आसपास जरूर करें। मौके पर डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल, डॉ ओमप्रकाश, राम प्रसाद, हेमंत प्रताप देव,अशोक जायसवाल, सदर तौहिद खान, महमूद आलम सीनीयर,कामेश्वर प्रसाद, उमेश कुमार, संतोष कुमार, विद्या भास्कर, कामता प्रसाद, अजय प्रसाद मुखिया सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से 15 प्रत्याशी लड़ेंगे चुनाव

**गुमला ।** 12-लोहरदगा (अजजा) लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त नामांकन प्रक्रिया के समापन के उपरांत अपराह्न 04:00 बजे नये समाहरणालय भवन के सभा कक्ष में निवार्ची पदाधिकारी 12-लोहरदगा (अजजा) लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में विशेष प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने प्रत्याशियों की अंतिम सूची एवं उन्हें आवंटित प्रतीक चिन्ह से संबंधित जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि इस बार 12 लोहरदगा (अ. ज.जा) लोकसभा संसदीय क्षेत्र से 15 प्रत्याशी भाग लेंगे जिसका प्रतीक चिन्ह भी आवंटित कर दी गई है। निवार्ची पदाधिकारी ने नॉमिटेटेड प्रत्याशियों की अंतिम सूची एवं उन्हें आवंटित प्रतीक चिन्ह की जानकारी दी। प्रेस वार्ता के दौरान मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, जिला मीडिया कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अन्य संबंधित कर्मी मौजूद रहें। प्रात्यशियो के नाम, पार्टी के नाम और प्रतीक चिन्ह 1 गिरजानंद उरांव (बहुजन समाज पार्टी), प्रतीक चिन्ह हाथी, 2. समीर उरांव (भारतीय जनता पार्टी), प्रतीक चिन्ह कमल., 3. सुखदेव भगत (इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी ), हाथ, 4 बिहारी भगत (पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया), प्रतीक चिन्ह फलों से युक्त टोकरी, 5. मनी मुंडा (भागीदारी पार्टी), एयरकंडीशनर, 6. महेंद्र उरांव (कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया ), प्रतीक चिन्ह बाल एवं हंसिया, 7. रामचंद्र भगत (लोकहित अधिकार पार्टी) प्रतीक चिन्ह सेव, 8. अर्जुन टोप्पो ( निर्दलीय) आवंटित प्रतीक चिन्ह केतली, 9. अर्पण देव भगत (निर्दलीय), आवंटित प्रतीक चिन्ह कैंची, 10. चमरा लिंडा (निर्दलीय), आवंटित प्रतीक चिन्ह बल्लेबाज, 11. पवन तिग्गा (निर्दलीय), आवंटित प्रतीक चिन्ह फूलगोभी, 12. मरियानूस तिग्गा (निर्दलीय ),आवंटित प्रतीक चिन्ह हॉकी और बॉल, 13. रंजीत भगत (निर्दलीय), आवंटित प्रतीक चिन्ह फुटबॉल खिलाड़ी, 14. सनिया उरांव (निर्दलीय),आवंटित प्रतीक चिन्ह अलमारी, 15. स्टेफन किंडो (निर्दलीय), आवंटित प्रतीक चिन्ह आरी।

## कामेश्वर बैठा ने मेराल प्रखंड के कई गांवों का किया दौरा, वोट की अपील की




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** बहुजन समाज पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने सोमवार को दौरा करते हुए गोंदा, लातदाग, सोहबरिया, पढुआ, पथरिया, बंका रजबधा, अधौरी, भीमखाड़, बनुआ, रजहारा, संगबरिया, तेनार करकोमा सहित मेराल प्रखंड के कई गांव का भ्रमण किया। बहुजन समाज पार्टी के चुनाव चिन्ह हाथी छाप पर वोट देने की अपील किया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान वीरेंद्र साव, उमाशंकर राम, रामू गुप्ता, काशी चंद्रवंशी, देवमुनि बैठा, भर्दुल वियार, रामप्रवेश प्रजापति सहित कई लोग शामिल थे। भ्रमण के दौरान कालेश्वर बैठा ने कहा कि यहां के लोग विकास से कोसो दूर है। विकास नहीं होने के कारण आज भी लोग मुख्यधारा से भटके हुए हैं। उन्हें मुख्यधारा में जोड़ने के लिए उद्योग धंधे लगाने होंगे। हर खेत को पानी हर हाथ को देना होगा तथा लड़ाई पलामू के लाल ही कर सकता हैं। वे विपक्ष के ऊपर कटाक्ष करते हैं। उन्होंने कहा कि बाहरी बेटी और बेटा से क्षेत्र का विकास संभव नहीं हैं।

### बिजली की तार गिरने से जंगल में लगी आग



**हेरहंज-(लातेहार) ।** प्रखंड क्षेत्र के हेरहंज-इनातू गांव के बीच धमधमियाँ नामक जंगल में ग्यारह हजार केवीए का तार फॉल्ट करने से टूट कर नीचे गिर गया। जिससे जंगल में आग लग गई है। आग काफी रफ्तार में थी। घटना सोमवार की सुबह करीब नव बजे की है। ग्यारह हजार केवीए का तार टूट कर गिर जाने से इनातू,इचाक,हेसातु,सेरनदाग, सासंग समेत दर्जनों गांव बिजली से दूर हो गए हैं। बिजली विभाग द्वारा अभी तक कोई ठोस पहल नहीं कि गई है। हालांकि इस गरमी में बिना बिजली के रहना मुश्किल हो गया है। वहीं सेरनदाग पंचायत मुखिया फूलदेव सिंह ने बिजली विभाग के पदाधिकारियों से ग्यारह हजार केवीए का तार को दुरुस्त कराने की मांग की है।

## शिवरी गांव के किराना दुकान में लगी आग, एक झुलसा

### डेढ़ लाख रुपये की संपति जलकर राख



**कांडी ।** थाना क्षेत्र के शिवरी गांव निवासी अनुज गुप्ता के किराना दुकान में रविवार की देर शाम अचानक आग लगने से दुकान में रखे लगभग डेढ़ लाख रुपए की संपति जल कर राख हो गई । आग कैसे लगी पता नही चल सका है।वहीं आग बुझाने के क्रम में दुकानदार अनुज गुप्ता आग के चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गया। पीड़ित को स्वास्थ्य उपचार हेतु प्रमुख पिंकू पाण्डेय ने अपनी वाहन से व ग्रामीणों के सहयोग से सदर अस्पताल गढ़वा में भर्ती कराया गया है। दुकान में लगी आग की लपटें मकान के अन्य भागों को अपने चपेट में ले लिया जिससे मकान आंशिक रूप से क्षति ग्रस्त हुआ। आग की तापमान से किसी को नजदीक जाने की हिम्मत नही हो रही थी। ग्रामीणों द्वारा डीजल मोटर पंप चालू कर भारी मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। यदि आग पर काबू नहीं पाया जाता तो आसपास के कई खपड़ैल मकान भी आग के चपेट में आ सकते थे। इस आगजनी में दूकान में रखे फ्रिज नगदी सहित सभी सामान जल गए।

## आज होल्डिंग टैक्स जमा करने वालों को मिलेगा 15 प्रतिशत छूट




**श्रीबंशीधरनगर ।** नगर पंचायत क्षेत्र में रहने वाले सभी नगर वासियों को 30 जून तक होल्डिंग टैक्स जमा कर देने पर उन्हें टैक्स की राशि में 15 प्रतिशत तक छूट दिया जाएगा। उक्त बातें नगर की पंचायत के प्रशासक अमरेंद्र कुमार चौधरी ने कही। उन्होंने कहा कि निर्धारित तिथि तक वर्ष 2024 -25 के लिए कर जमा करने वालों करदाताओं को अधिकतम 15% तक छूट दी जाएगी। इसके तहत सभी को 5% परसेंट की छूट मिल रही है। उन्होंने बताया कि होल्डिंग महिला के नाम से होने पर 5% की छूट, स्वयं कार्यालय में आकर जमा करने पर ढाई परसेंट का छूट,आर्मी या ट्रांसजेंडर होने पर 5% की छूट, वरिष्ठ नागरिक होने पर भी 5% का छूट साथ ही दिव्यांग जनों को भी 5% का छूट मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह छूट केवल आवासीय धृतयो पर ही लागू होगी। ऑनलाइन भुगतान करने वाले लोगों के बारे में भी बताया कि ऑनलाइन होल्डिंग टैक्स विभाग के वेबसाइट पर अपना बकाया कर जमा कर सकते हैं।
उन्हें भी ऑनलाइन की सुविधा दी गई है अगर वह नगर पंचायत कार्यालय नहीं आना चाहते हैं तो इसका लाभ ले सकते हैं। ऑनलाइन भुगतान करने वालों को भी पांच प्रतिशत तक को छूट दी जाएगी। ऑनलाइन भुगतान के लिए होल्डिंग टैक्स विभाग के वेबसाइट ww.suda.jharkhand.jov.in पर जाकर अपना नगर निकाय चयन करना होगा तथा वार्ड नंबर व होल्डिंग नंबर डालते ही भुगतान का विकल्प आ जाएगा। इसमें क्रेडिट कार्ड व डेबिट कार्ड से भी भुगतान कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि निर्धारित पत्रिका तिथि तक होल्डिंग टैक्स नहीं जमा करने वाले लोगों को 30 जून के बाद बकाया टैक्स की राशि पर प्रतिमाह एक प्रतिशत ब्याज दर की राशि भी देना होगा।

## स्कूली बच्चों ने कचरे में लगाई आग चिंगारी जा पहुंचा किसान के खेत में



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के प्रखंड मुख्यालय के समीप राजकीय उत्क्रमित बुनियादी उच्च विद्यालय प्रांगण में सोमवार को सफाई के उपरान्त बच्चो ने कचड़े में आग लगा दिया था।जिसे उतपन हुई आग का चिंगारी बागान में जा पहुंचा और पते में आग लग गई।धीरे धीरे आग की लपटें फैलता चला गया।और स्थानीय किसान अमित कुमार महतो का बारी में बगान के समीप रखा अलान में आग पकड़ लिया। जिससे किसान अमित कुमार महतो का अलान जल गया। जबकि समय से किसान को जानकारी होने के कारण पानी मोटर चालू कर आग पर काबू पाया गया।वही किसान ने विद्यालय के शिक्षक की लापरवाही बताते हुए कहा कि शिक्षकों का ध्यान नही होने तथा बच्चो को सही मार्गदर्शन नही देने के कारण बगान में आगजनी हुआ है।जिसे लापरवाही के कारण रखा हुआ अलान जल गया।वही बताते हुए किसान ने विद्यालय के शिक्षकों पर आरोप लगाते हुए हुई नुकसान की मुआवजा का मांग किया जा रहा है। इस संदर्भ में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका रेणु मिश्रा ने कहा कि विद्यालय में साफ सफाई कार्य के बाद बच्चो ने जमा हुआ गंदगी में आग लगा दिया और गर्मी के मौसम होने तथा हवा का रुख बदलने के कारण आग की चिंगारी बगान में उड़ कर चला गया।जिसपर किसी का ध्यान नही होने के कारण आग का रूप विकराल हो गया और रखे हुए किसान का अलान में आग पकड़ लिया जिससे किसान को काफी नुकसान हुआ है।लेकिन इस घटना में किसी के द्वारा जानबूझ कर अंजाम नही दिया गया है।साथ ही उन्होंने कहा सफाई के बाद सभी शिक्षक शिक्षिकाएं प्राथना होने के पश्चात अपने अपने कक्षा में चले गए और पठन पाठन पर ध्यान दिया जा रहा था।उसी दौरान आगजनी घटना होने की बात बताई जा रही है।

### 12 करोड़ लगाने के बावजूद लोगों को नहीं मिल रहा पेयजल

**भंडरा ।** भंडरा प्रखंड में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। इस वर्ष बनकर तैयार जल नल योजना भी धोखा दे रहा है। भंडरा प्रखंड में हर घर के लोग पेयजल संकट से जूझ रहे है। जबकि भंडरा प्रखंड में शुद्ध पेयजलापूर्ति के नाम पर 12 करोड़ की लागत से कोयल जलापूर्ति योजना की शुरूआत आठ साल पहले ही हुई थी, परंतु कोयल जलापूर्ति योजना अपने शुरूआत के दिन से ही ठप है। भंडरा प्रखंड में पेयजल की विकट समस्या को देखते हुए समस्या के निदान को लेकर भंडरा प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष परमेश्वर महली उपायुक्त से मिलेंगे। मुखिया संघ के अध्यक्ष सह उदरंगी पंचायत मुखिया परमेश्वर महली ने कहा कि कोयल जलापूर्ति योजना के नाम पर सिर्फ राशि का बंदरबाट हुआ है। कोयल जलापूर्ति योजना शुरूवात से लेकर आजतक एक माह भी नहीं चला है। इस बात को लेकर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा एक बार नहीं बल्कि कई बार पेयजल संकट की समस्या से अधिकारियों को अवगत करा चुकें है। इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो सका है।



### स्कूल में लगी सोलर जलमीनार का स्टार्टर हुई चोरी, घाघरा थाने में की लिखित शिकायत



**घाघरा ।** राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोरियाडीह में लगे सोलर जलमीनार का स्टार्टर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई। इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक गोपाल कृष्णा कुमार साहू ने घाघरा थाने में सोमवार को दिन के 12:30 बजे लिखित आवेदन देते हुए बताया कि उक्त विद्यालय में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पानी की सुविधा हेतु विगत 19 अप्रैल को जलमीनार स्थापित किया गया था। वही विगत 27 अप्रैल दिन शनिवार को विद्यालय अवधि तक वह सही सलामत था। वही आज सोमवार को जब विद्यालय खोलने के लिए जब गए। इसके बाद देखा तो जलमीनार का स्टार्टर गायब है। ग्रामीणों से पूछने पर पता चला कि रविवार की शाम तक स्टार्टर जलमीनार में लगा हुआ था। वहीं अज्ञात चोरों द्वारा इसकी चोरी कर ली गई है।

## जल संकट : खरौंधी, चंदनी, करिवाडीह, राजी, मझगावां, सिसरी आदि पंचायत के तालाब व कुंआ सूखे

# 70 % से ज्यादा चापाकल व जलमीनार का जलस्तर पहुंचा नीचे



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी ।** प्रखंड में पिछले वर्ष बारिश नही होने की वजह से प्रखंड के तीनो लाइफलाइन नदी पंडा नदी, डोमनी नदी तथा ढाढरा नदी जनवरी माह में ही सूख गया। वही सोनटतीय क्षेत्रों में सदा बहने वाली सोननदी का भी पानी काफी कम हो गया है। बरसात में बारिश नही होने के वजह से प्रखंड का जलस्तर लगातार नीचे चला जा रहा है। जिससे प्रखंड के खरौंधी, चंदनी, करिवाडीह, राजी, मझिगावां, सिसरी आदि पंचायत के तालाब, आहर, कुंआ सुख गया है। वही प्रखंड के 70 प्रतिशत से ज्यादा चापाकल एवं जलमीनार जवाब दे दिया है। खरौंधी बाजार के लगभग चापाकल सुख गया है। मजबूरी में सभी छोटे व्यवसाई पानी बोतल या पानी की पाउच खरीदकर पी रहे है। जबकि पूरा गर्मी का मौसम बाकी है। जब लोगो को पीने का पानी किल्लत से मिल रहा है तो उनके मवेशियों को पानी कैसे मिलता होगा सोचने वाली बात है। पानी के लिए लोगों में हाहाकार मचा हुआ है।

### प्रखंडवासियों की समस्याएं

अवध कुमार गुप्ता आदि लोगों ने बताया की प्रखंड का जलस्तर लगातार नीचे जा रहा है। जिससे बाजार के आसपास के अधिकांश चापाकल एक माह पूर्व ही सुख गया है। जिससे खरौंधी बाजार के दुकानदार तथा बाजार में खरीदारी करने आने वाले लोग मजबूरी में पानी की पाउच खरीदकर पी रहे है। वही बाजार के होटल संचालक प्रतिदिन सुबह में आधा किलोमीटर दूर से पीने का पानी लाते है। सबसे ज्यादा परेशानी मवेशियों को पानी पिलाने में लोगो को हो रही है।



### क्या कहते हैं जनप्रतिनिधि

बीससूत्री अध्यक्ष राजेश रजक ने बताया कि प्रखंड का लगातार जलस्तर नीचे जा रहा है। जिससे प्रखंड के नदी के साथ, तालाब, बांध सुख गया है। इसके अलावे अधिकांश कुंआ तथा चलापाल भी सुख गया है। सबसे ज्यादा पानी की समस्या खरौंधी बाजार में हो गई है। इसे दूर करने के लिए पीएचडी विभाग के जेई को फोन पर बोला गया है। उनके द्वारा दो दिनों के अंदर समस्या समाधान की बात कही गयी है। अगर दो दिनों के अंदर समस्या का समाधान नही हुआ तो डीसी से मिलकर समस्या को दूर करने की मांग करेंगे।

### खरौंधी में टीम ने काम शुरू कर दी है : जेई देवेंद्र किस्कू

इस संबंध में पीएचडी विभाग के जेई देवेंद्र किस्कू ने बताया पानी की समस्या प्रखंड में लगातार बढ़ रही है। इन समस्याओं से पीएचडी विभाग के द्वारा त्वरित कार्यवाई की जा रही है। पीएचडी विभाग ने खरौंधी प्रखंड के चापाकल ठीक करने के लिए टीम बनाई गई है। खरौंधी में टीम काम शुरू कर दिया है। जिस चापाकल का बोर ड्राई हो गया है। उसके बारे में जिला कार्यालय को अवगत कराएंगे। लोग खराब चापाकल की शिकायत हेल्पलाइन नंबर पर भी कर सकते है समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा।

### जागरूकता शिविर में दी गईं बच्चों को कई जानकारियां



**सिमरिया (चतरा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव के निदेर्शानुसार कानूनी सहायता केंद्र सिमरिया के द्वारा सिमरिया प्रखंड के जबड़ा स्थित आश्रम आवासीय विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विधिक कार्यकर्ता सुबोध कुमार शर्मा, उमेश प्रसाद एवं रंजन कुमार मिश्रा के द्वारा छात्राओं को साइबर क्राइम, बाल श्रम, बाल विवाह, शिक्षा का अधिकार अधिनियम, डायन-भूत व अंधविश्वास से संबंधित जानकारी दी गई। वहीं विद्यालय की प्राचार्या जामवंती मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय शिक्षक नवनीत कुमार, उमेश यादव, रिया कुमारी, विश्वजीत सिंह,पवन मिश्र एवं पूजा कुमारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### कांग्रेसियों ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**सेन्हा-लोहरदगा।** कांग्रेसियों ने सेन्हा प्रखंड बस्ती में जन सम्पर्क अभियान चलाया। इस दौरान कांग्रेस का गारंटी कार्ड घर घर जा कर लोगो को दिया गया। जिससे लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। लोगो से इस बार केंद्र में सरकार बनाने के लिये कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। मौके पर जवाहर बाल मंच के अध्यक्ष इम्तियाज अहमद, ओबीसी प्रकोष्ठ से संतोष महतो, युवा विधानसभा महाचीव जाहिद अंसारी, कोषाध्यक्ष मोदसिर अंसारी के अलावे सुखदेव उरांव,राजू उरांव, सफीक अंसारी, अल्पसंख्यक जिला सचिव रुस्तम अंसारी, सेन्हा पंचायत अध्यक्ष राजेश राम सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

